सार-समाचार

गायों को हरा चारा खिलाया

करौली, (निसं)। भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमिद मेवाती का जगह जगह जन्मदिन मनाया गया जहा कार्यकर्ताओ ने केक काटा तो कई गायों को हरा चारा खिलाकर लम्बी उम्र की प्रार्थना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हामिद मेवाती का जन्मदिन यादव वटी गौशाला में गायों को चारा खिलाकर मनाया गया जिसमें सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री यासीन खान, युवा नेता एवं भामाशाह ओवैस खान, सुलेमान खान, फिरोज गोरी, लाल खान एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा अखलाक अहमद आदि लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष हामिद मेवाती का जन्म दिवस मनाया एवं ईश्वर से दुआ करते हुए उनकी लंबी उम्र कि कामना कि। इसके अलावा गुरुवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हामिद खान मेवाती का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ता विकास जैन ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा हामिद खान मेवाती के जन्मदिन के उपलक्ष में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सामान्य चिकित्सालय में फल वितरण एवं बिस्किट वितरण कर मनाया तथा केक काटकर सभी का मुँह मीठा कराया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला, जिला उपाध्यक्ष सुरेश शुक्ला,करौली शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की रही। इस दौरान विकास जैन,अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष जमील खान,मंडल महामंत्री आशीष जैन,मुन्ना भाई,विनोद जैन,निषाद खान,इमरान खान,अशोक बजाज,अंकुर जैन आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीए एसोसिऐशन ने किया पौधारोपण

गंगापुर सिटी, (निसं)। नित्य गो सेवा समिति और चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन ने पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कुशालगढ पार्क में समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा और अन्य सदस्यों ने वटवृक्ष का पौधा रोपा। शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में कम से कम पांच पेड लगाने चाहिए। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति अपने जीवनकाल में औसतन पांच पेडों का उपयोग करता है। एक पेड मृत्यु के समय, एक फर्नीचर में और तीन पेड सब्जी आदि के रूप में प्रयोग होते हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के उपलक्ष्य पर सीए संस्था के सदस्यों ने भी पौधारोपण किया। इस अवसर पर गोशाला में गायों को हरा चारा खिलाया गया। सदस्यों ने गोशाला के लिए 11,000 रुपए की सहायता राशि भी प्रदान की। सीए संतोष अग्रवाल ने पेडों की अंधाधुंध कटाई से बढती ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम में विनय पट्टीवाला, रमाकांत शर्मा, शिवकुमार गोयल, महेश मंगल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गोशाला के अध्यक्ष गंगाप्रसाद एडवोकेट और कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद खंडेलवाल, लक्ष्मीकांत गुप्ता, पवन गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

बेटे को आजीवन कारावास की सजा

गंगापुर सिटी, (निसं)। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 2 ने चार साल पुराने मामले में मां की हत्या करने के मामले में बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जुर्माना न भरने पर अभियुक्त को 3 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त राजेश पुत्र ओमप्रकाश निवासी डिबस्या थाना पीलोदा है। अपर लोक अभियोजक घनश्याम सिंह ने बताया कि परिवादी ने एक जून 2021 को पीलोदा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह 11 बजे उसकी मां कंचनबाई, पत्नी रवीना दोनों घर पर थी। उसका बडा भाई राजेश भी घर पर था। उसकी मां नहाकर आई तो उसके भाई राजेश ने लाठी उठाकर उसकी मां के सिर में धडा-धड मारी। बीच बचाव करने आई पत्नी और उसके पिता के साथ भी मारपीट की, जिसमें उसकी मां की मौत हो गई। परिवादी ने बताया कि उसका बडा भाई काफी समय से मानसिक रूप से पीडित है।

बारिश से किसानों में खुशी का माहौल

गंगापुर सिटी, (निसं)। गुरुवार शाम को मौसम का मिजाज बदल गया। शाम करीब पौने 5 बजे आसमान में बादल छाए। कुछ देर बाद बारिश शुरू हो गई। पहले धीमी और फिर तेज बारिश हुई। आधे घंटे तक चली बारिश के दौरान बिजली कडकी और बादल जमकर गरजे जिससे तेज बारिश होने का अंदेशा हुआ। तहसील कार्मिक सत्यनारायण के अनुसार एक जून से अब तक क्षेत्र में 168 मिमी बारिश दर्ज की गई है। बारिश के बाद सडकों पर पानी भर गया। पिछले दो दिनों से पड रही गर्मी और उमस से लोगों को कुछ देर के लिए राहत मिली। लेकिन जैसे ही वारिश बंद हुई उमस व गर्मी से लोगो को बेहाल होते देखा गया। बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है।

विनोद गुर्जर का नीट में चयन

करौली, (निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली के छात्र विनोद गुर्जर का नीट2025 में चयन हुआ है। मॉडल स्कूल करौली के प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि छात्र विनोद गुर्जर का 98.28प्रतिशत परसेंन्टाईल अंक प्राप्त करके नीट परीक्षा में चयन हुआ है। छात्र विनोद गुर्जर एक कृषक परिवार से है। और छात्र ने घर पर ही रह कर सेल्फ स्टडी से यह उपलब्धि हासिल की है।छात्र विनोद गुर्जर कक्षा 6से 12तक स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक-करौली में अध्ययनरत रहा।इस उपलब्धि पर मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली के विद्यालय परिवार ने छात्र का माला और साफा बंधन कर अभिनंदन किया।

शिविर में नामांतरण व बंटवारे की समस्या का हुआ निराकरण

भरतपुर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा प्रदेशभर में शुरू किये गये पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निराकरण के साथ परिवारों में चली आ रही आपसी कटुता को दूर कर भाईचारे का संदेश भी दे रहा है। जिले के बांसीकलां के स्कूल में आयोजित शिविर में ओमप्रकाश के पांचों भाईयों का विरासत नामांतरण व आपसी बंटवारे की 25 वर्ष से चली आ रही समस्या का एक दिवस में आपसी सहमति से निराकरण हुआ। इससे सभी भाईयों में आपसी मनमुटाव दूर होने के साथ भूमि के कृषि व राजस्व संबंधी अनुदान योजनाओं का लाभ मिलने का रास्ता भी आसान हुआ।

ग्राम बांसीकलां निवासी स्व. पन्नालाल जाट की मृत्यु के बार उनके पांचों बेटों में विरासत भूमि का बंटवारा हो गया लेकिन आपसी सहमति नहीं बन पाने के कारण खात विभाजन तथा नामांतरण संबंधी समस्या चली आ रही थी। किसान ओमप्रकाश अपने चार भाईयों रामगोपाल, भीमसिंह, सोहनलाल व संजय सिंह ने शिविर में उपस्थित होकर माता के नाम चली आ रही विरासत नामांतरण एवं आपसी सहमति से खाता विभाजन संबंधी समस्या से शिविर प्रभारी एसडीएम राजीव शर्मा को अवगत कराया। शिविर प्रभारी ने राजस्व विभाग की टीम को निर्देश देकर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये समस्याओं का शिविर में निराकरण के प्रयास करने को कहा । ग्रामीणों एवं अधिकारियों की समझाइश से पांचों भाईयों में आपसी सहमति से विरासत भूमि का नामांतरण संभव हो सका। राजस्व टीम द्वारा पांचों भाईयों की माता स्व. श्रीमति सोमोती के नाम चली आ रही भूमि का विरासत नामांतरण भी खोला तथा बहनों के नाम चला आ रहा हिस्से की हकत्याग कार्यवाही भी पूरी करवाई।

किसान ओमप्रकाश ने बताया कि उनकी 65 बीघा भूमि पर 25 वर्षो से खाता विभाजन, नामांतरण संबंधी समस्या चली आ रही थी जिसके लिये अनेक बार प्रयास किये गये। कार्यालयों में आवेदन देने के साथ परिवार के मध्य बैठकर समझाइश भी की गई लेकिन आपसी सहमति नहीं बनने के कारण समस्या दूर नहीं हो सकी। शिविर में जैसे ही राजस्व विभाग की टीम द्वारा समस्याओं का निराकरण कर खाता विभाजन के पत्र सौंपे तो पांचों भाईयों की खुशी का ठिकाना न रहा। उन्होंने घर बैठे समस्या निराकरण होने पर शिविर आयोजन के लिये मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

राजस्व विभाग की टीम ने समस्याओं का निराकरण कर खाता विभाजन के पत्र सौंपे।

रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 4.40 लाख रूपए

गंगापुर सिटी, (निसं)। पुलिस ने रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 4.40लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी संजय कुमार उपाध्याय को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 8 साल से फरार चल रहा था।

पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर ममता गुप्ता के निर्देश पर साइबर सैल ने आरोपी की तलाश शुरू की। आरोपी की पहचान में आ रही दिक्कत को दूर करने के लिए साइबर सैल ने

- **पुलिस ने लखनऊ से आरोपी को किया गिरफ्तार**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का इस्तेमाल किया। इस टूल से आरोपी के कई संभावित फोटो तैयार किए गए। इनमें से एक फोटो आरोपी के वर्तमान रूप से मिलता था।जांच में पता चला कि आरोपी पहले गंजा था और अब पहचान छिपाने के लिए विग का इस्तेमाल करता था। उस पर थाना मानटाउन में धारा 420 सहित कई धाराओं में केस दर्ज है। आरोपी लखनऊ के अलीगंज में रहता था। उसने शिकायतकर्ता से रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4.40लाख रुपए ठग लिए थे। वारदात के बाद से वह लगातार अपना ठिकाना बदलता रहा। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। गिरफ्तारी में थाना मानटाउन के थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता, साइबर सैल और डीएसटी गंगापुरसिटी की टीम शामिल रही।

पुलिस ने ठगी का आरोपी गिरफ्तार किया।

शिविर का किया निरीक्षण

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने गुरूवार को ठाम पंचायत कोंडर एवं चैनपुर गाधौली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास, ठामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। शिविर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक विभाग के काउण्टर पर जाकर दी जा रही सेवाओं की संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी ली। लोगो से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। उन्होंने कर्मचारी व ग्रामीणों से वर्षा के मौसम को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।

दयाराम सैनी बने जिलाध्यक्ष

गंगापुर सिटी, (निसं)। माली सैनी धर्मशाला गंगापुरसिटी में सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्थान जयपुर के संस्थापक बुद्धिसिंह सैनी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ।

माता सावित्री बाई एवं ज्योतिबा फूले के चित्रपट पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। बैठक में कार्यकारिणी के चुनावो को लेकर चर्चाकी गई। जिसमें दयाराम सैनी को सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्थान का सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। जबकि भागचंद सैनी सवाई माधोपुर व रमेश चंद सैनी बामनवास को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया।

जागरूकता बैठक सम्पन्न

करौली, (निसं)। जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड करौली द्वारा उत्पीड़न मुक्त कार्यस्थल आपका अधिकार अभियान को चलाया जा रहा है। जिसकों लेकर सहयोग सेवा संस्थान के सभागार हॉल में जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।

एक्शनएड जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि एक्शनएड के महिला श्रमिक उत्पीड़न रहित कार्यस्थल अभियान को लेकर जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें महिला मजदूरों का कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न होने पर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला समन्वयक ने कहा कि यह पोर्टल भारत सरकार द्वारा महिलाओं के लिए यौन उत्पीड़न की शिकायतों को दर्ज करने के लिए बनाया गया है. शिकायत दर्ज करने के बाद, इसे सीधे संबंधित प्राधिकारी को भेजा जाएगा। उन्होंने शिकायत दर्ज करने के अन्य तरीके के बारें में बतातें हुए आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) या स्थानीय शिकायत समिति (एलसीसी) के बारें में बतातें हुए कहाँ कि यदि कार्यस्थल पर आईसीसी या एलसीसी है, तो वहां भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है साथ ही राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के बारें में बताया जिसमें महिलाएं को राष्ट्रीय महिला आयोग की वेबसाइट पर भी शिकायत दर्ज कराने की बात कही। जिला समन्वयक ने कहा यौन उत्पीड़न एक अपराध भी है, इसलिए पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है उन्होंने कहा किशिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। शी-बॉक्स पोर्टल का उद्देश्य यौन उत्पीड़न की शिकायतों का त्वरित निवारण करना है एवं शिकायतकर्ता चाहें तो शी-बॉक्स, महिला आयोग और पुलिस में समानांतर शिकायतें दर्ज करा सकता है। उन्होंने कहाँ कि ईंट भट्टों, खान, एवं भवन निर्माण में कार्य में महिलाओं के साथ उत्पीड़न होने पर महिलाएं काम से निकालने के डर से शिकायत नही करती है। ओर अपने ऊपर होने वाले अत्याचार पर चुप्पी साध लेती है।

सार-समाचार

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी, (निसं)। श्री राजपूत सभा सवाई माधोपुर की जिला कार्यकारिणी ने गुरुवार को होटल नरूका प्राइड में बैठक की। बैठक में राजपूत नगर कॉलोनी की शेष भूमि को 9ंक के तहत आवासीय भू-रूपांतरण कर पट्टे जारी कराने को लेकर चर्चा की गई। कार्यकारिणी के सदस्यों ने एसडीएम विजेंद्र मीणा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि 40 वर्ष पहले समाज के ग्रामीण परिवारों को शहर में बसाने के लिए यह भूमि खरीदी गई थी। इसका उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा और परिवारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था, लेकिन आज तक कॉलोनीवासियों को न तो पट्टे मिले हैं,न ही सडक और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं का भी लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि राजपूत नगर कॉलोनी के खसरा नंबर 1,2,6,7,8,9,1199/9 और 1200/4 राजस्व ग्राम खानपुर बडौदा में स्थित हैं। यह क्षेत्र नगर परिषद के वार्ड नंबर 47 में आता है। कॉलोनीवासियों ने इन खसरों की भूमि को 9ंक के तहत आबादी भूमि में परिवर्तित करने की मांग की है। एसडीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ज्ञापन के साथ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को 2 अप्रैल 2025 को दिए गए पूर्व ज्ञापन की प्रति भी सौंपी गई। जिला अध्यक्ष दीपक सिंह नरूका और जिला महामंत्री महेश पाल सिंह जादौन के नेतृत्व में महूकलां अध्यक्ष शिम्भू सिंह कोठी, मूंदा शिवराज सिंह नरूका सहित कई प्रमुख सदस्य मौजूद थे।

गौरव प्रतिभा सम्मान समारोह कल

सवाई माधोपुर, (निसं)। श्री महर्षि गौतम आश्रम सेवा समिति (रजि) खुर्रा लालसोट द्वारा महर्षि गौतम गौरव प्रतिभा सम्मान समारोह 2024/2025 का आयोजन 5 जुलाई शनिवार को होगा। मंत्री मुकेश कुमार गौतम नारौली चौड ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे दीप प्रज्जलित कर की जाएगी। 11.15 बजे हवन, 12.15 बजे अथिति सत्कार एवं प्रतिभा सम्मान आयोजित होगा उसके बाद शाम को स्नेह भोज का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अथिति अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव ज्योतिष आचार्य पंडित श्री ताराचंद जी शास्त्री, जीतेन्द्र गौतम राष्ट्रीय महासचिव (संगठन, अ भा श्री गु गौ ब्रा महा. अंता कोटा), अध्यक्षता गिरधर गोपाल शर्मा (राष्ट्रीय महासचिव, अ भा श्री गु गौ ब्रा महा. बूँदी), अति विशिष्ट अतिथि राजेंद्र प्रसाद पंचोली भामाशाह बूंदी, चंद्रशेखर पंचोली वासी, पूर्व जिला अध्यक्ष बूँदी, श्री गौतम आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष वैध नाथू लाल शर्मा, ट्रस्ट मंत्री हनुमान पंचारिया होंगे। समारोह में राजस्थान के सभी जिलों से समाज के गणमान्यजन शामिल होंगे।

पोस्टर प्रतियोगिता में तनु व मीनेश प्रथम

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर के सेवर स्थित श्री हरिदत्त ठ्रुप ऑफ इंस्टीट्ययूशंस के अंतर्गत संचालित श्री हरिदत डिठ्री कॉलेज एवं एच. डी. टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्ययूट के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित पांच दिवसीय समाज उपयोगी शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों की रचनात्मकता, शारीरिक दक्षता और बौद्विक प्रतिभा को बढावा देने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।टैक्नोलॉजी पार्क के निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों की सर्वागीण प्रतिभा का विकास एवं समाज सेवा के प्रति उनकी चेतना को जागृत करना रहा। सभी विजेताओं को आगामी समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।इस दिन प्रमुख रूप से रस्साकस, 100 मीटर दौड, पोस्टर प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, सुलेख लेखन, श्रुतिलेखन एवं अंताक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। रस्साकस प्रतियोगिता में एच. डी. ट्रेनिंग इंस्टीट्ययूट के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे राउंड में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। छात्राओं की श्रेणी में श्री हरिदत्त डिठ्री कॉलेज की टीम ने दमदार प्रदर्शन कर विजेता का खिताब हासिल किया। मेंहन्दी प्रतियोगिता में चतुर्थ वर्ष की छात्रा हर्षिता ने प्रथम, द्वितीय वर्ष की वर्षा ने द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की छात्राओं तनु एवं मीनेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रूचिका एवं सोनम को द्वितीय तथा बी.एड. द्वितीय वर्ष की प्रिया को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। सुलेख लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सुंदर एवं सटीक लेखन प्रस्तुत किया, लेखन प्रस्तुत किया, वहीं श्रुतिलेख प्रतियोगिता में बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रबंध निदेशक ने ली बैठक

करौली, (निसं)। विद्युत वितरण निगमों की अध्यक्ष एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक सुश्री आरती डोगरा ने गुरूवार को अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय में डिस्कॉम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इससे पूर्व उन्होंने हिण्डौन में 33 केवीए जीएसएस एवं विद्युत सब डिविजन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। बैठक में उन्होंने उपभोक्ताओं को सुगमता से विद्युत सेवायें उपलब्ध कराने के लिए अधीक्षण अभियन्ता रूपसिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कनेक्शन के आवेदनों पर अधिकारी त्वरित कार्यवाही करें और समय पर कनेक्शन उपलब्ध कराएं, जिससे उन्हें विद्युत कार्यालय के बार-बार चक्कर नहीं काटने पडे। उचित लोड प्रबंधन कर बिजली की छीजत रोकने और विद्युत चोरी पर लगाम लगाने के लिए विद्युत अधिकारियों को आदेशित किया। जिससे विभाग को किसी भी प्रकार से विद्युत राजस्व की हानि नहीं हो वहीं समय पर बिलिंग कर अर्जित विद्युत राजस्व में बढोतरी करने के आदेश दिये। सुश्री डोगरा ने कहा कि नियंत्रण कक्ष में कार्यरत कार्मिक सुनिश्चित करें कि उपभोक्ताओं के फोन को अविलम्ब अटेण्ड कर उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल संबंधित कार्मिकों को सूचित कर आपूर्ति में आए व्यवधान को दुरुस्त किया जा सके। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने राज्य सरकार की प्राथमिकता के अनुसार उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति, किसानों को समय पर कृषि कनेक्शन, निर्धारित समय अनुसार ट्रांसफार्मर बदलने, आगामी रबी सीजन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, उपभोक्ताओं की समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण, कुसुम, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली तथा आरडीएसएस आदि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को प्राथमिकता से करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये।

मंत्री रावत ने अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का किया निरीक्षण

डीग/भरतपुर, (निस)। जल संसाधन एवं जल संसाधन विभाग मंत्री एवं प्रभारी मंत्री भरतपुर व डीग सुरेश सिंह रावत ने गुरुवार को धनवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आमजन के कल्याण के लिये चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत अनेकानेक ग्रामीणों को सार्वजनिक व व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं का फायदा पहुंच रहा है। इसी क्रम में शिविर में प्रदान की जा रही सेवाओं का अवलोकन करने के लिए पंचायत समिति कुम्हेर की ग्राम पंचायत धनवाड़ा में प्रभारी मंत्री डीग एवं डीग कुम्हेर विधायक शिविर में पहुंचे।प्रभारी मंत्री रावत ने कहा कि 16 विभागों के माध्यम से 63 से भी अधिक सेवाएं एक ही छत के नीचे दी जा रही है। उन्होंने प्रशानिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों के कार्य मौके पर ही करे और यदि किसी कारण से कार्य न हो पाए तो प्रार्थी को वाजिब कारण के बारे में बताए। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह पूर्ण प्रयास करें कि सरकार की मंशा अनुरूप आम लोगों की समस्या का आवश्यक रूप से निस्तारण हो। उन्होंने शिविर प्रभारी बीडीओ कुम्हेर से शिविर में की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि क्या पेंशन पूरी तरह से पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है? जिस पर बीडीओ ने बताया कि 99: लाभार्थियों को पेंशन दिया जा चुका है और शेष बचे 1: व्यक्तियों को पेंशन देने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने धनवाड़ा के सरपंच से गांव में किए गए विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर धनवाड़ा में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सहित समस्त विभागों का कार्य उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के बारे में शिविर में आए लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि आप सभी अमृत रूपी सरोवर, बावड़ी और तालाब बनाने के लिए प्रशासन द्वारा निरंतर इस संबंध में की जा रही गतिविधियों में सहयोग करें तथा अधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण और साफ-सफाई रखे।

जल संसाधन विभाग मंत्री व प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने धनवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया।

क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेन्ट एक्ट, 2010
प्ररुप-4
(नियम 6 देखिए)

सूचना

आक्षेप फाईल करने के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रास्थिति का संप्रदर्शन

मै... डॉ. अनिल कुमार जैमिनी संयोजक, जि.रजि.प्रा. (क्लि.एस्टे. एक्ट, 2010) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर... नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010 के अधीन प्राधिकारी होते हुए धारा 24 के अधीन दिनांक 30.06.2024 से दिनांक 23.06.2025 तक की कालावधि के दौरान प्राप्त आवेदन पर विचार करने के पश्चात नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) नियम, 2013 के उपलब्धों के समाधान के लिए सवाई माधोपुर जिले की अधिकारिता के भीतर नैदानिक स्थापन एलौपैथी प्रणाली में नैदानिक स्थापन अंतर्गमन मनोरोग एवं नशामुक्ति क्लिनिक (क्लिनिक) की सूची इसके द्वारा प्रकाशित करता हूं :-

क्र. सं.	नैदानिक स्थापन का नाम एवं पता	स्वामित्व/प्रभारी का नाम	औषधि की पद्धति	उपलब्ध सेवाओं का प्रकार एवं प्रकृति	चिकित्सा कार्य करने वाले का विवरण (चिकित्सक, नर्स इत्यादि)
1.	अर्न्तमन मनोरोग एवं नशामुक्ति क्लिनिक, रामसिंह जाट, कॉलेज रोड, सैनिक नगर, गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर पिन-322201	**स्वामित्व :-** डॉ. गणेश कुमार मीना पुत्र रामकेश मीना (स्वामी) अंर्न्तमन मनोरेग एवं नाशमुक्ति क्लिनिक c/o राम जाट कॉलेज रोड सैनिक नगर, गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर पिन 322201 निवासी ग्राम सोप, तहसील नादौती जिला करौली (राजस्थान) पिन 322204 एवं **प्रभारी :-** डॉ. गणेश कुमार मीना (एमबीबीएस, एमडी (साईक्रेट्री) आरएमसी नं. 43280) निवासी ग्राम सोप, तहसील नादौती जिला करौली (राजस्थान) पिन 322204	एलौपेथी	सिंगल स्पेशिलियटी ऑउटपेशेंट	1. डॉ. गणेश कुमारी मीना (एमबीबीएस, एमडी (साईक्रेट्री) आरएमसी नं. 43280 वैधता अवधि दिनांक 24.08.2018 से दिनांक 23.08.2028

उपर्युक्त सूची के संबंध में आक्षेप, यदि कोई हो, अधिनियम की धारा 26 के अधीन यथा-आक्षेपित इस सूचना की तारीख से 30 दिन के भीतर भाग 4(ग) राजस्थान राज-पत्र, जून 6, 2013 (13) लिखित में दो प्रतियों में (प्राधिकारी का पता) कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर. पिन- 322021 को सम्बोधित किये जा सकेंगे।

(डॉ. अनिल कुमार जैमिनी), संयोजक, जि.रजि.प्रा. (क्लि.एस्टे. एक्ट, 2010) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर